दिनांक : 22.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणीए भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की सउदी अरब की यात्रा पर होंगे रवाना।
- पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह पृथ्वी बचाओ सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन।
- इसाई धर्म गुरू पोप फ्रांसिस के निधन पर देश में तीन दिवसीय राजकीय शोक।
- प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी।

प्रधानमंत्री-सऊदी अरब यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से सऊदी अरब की दो दिन की सरकारी यात्रा पर रवाना होंगे। वे क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। श्री मोदी की ये तीसरी सऊदी अरब यात्रा होगी। दोनों देशों के बीच व्यापारए ऊर्जाए रक्षा और लोगों से लोगों के बीच गतिशील सहयोग है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय हो रही है जब सऊदी अरब ने अपनी अर्थव्यवस्था के विविधिकरण के लिए वर्ष 2016 में आरम्भ व्यापक राष्ट्रीय रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू किया है। यह पहल महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण 2030 एजेंडे के अंतर्गत की जा रही है।

अमित शाह-एनएएससी

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। इस अवसर पर देश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर-एनएएससी में 'पृथ्वी बचाओ सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में एक हजार दो सौ प्रतिनिधियों के भाग ले रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और भूपेंद्र यादव भी अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में जलवायु और हरित नवाचार में परिवर्तनकारी बदलाव का नेतृत्व करने वाले 15 अग्रदूतों को भारत स्थिरता पुरस्कार 2025 भी प्रदान किया जाएगा।

विज्ञान यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं "विज्ञान मंथन यात्रा" का भोपाल में मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई देते हुए उनके साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह विज्ञान मंथन यात्रा बच्चों के जीवन में उपयोगी सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री टेलीकॉम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए मध्यप्रदेश आने वाले हर निवेशक के हितों का सरकार पूरा ध्यान रखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में कल दूरसंचार उत्पादन क्षेत्र (टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन - टीएमजेड) की स्थापना एवं इसके क्रियान्वयन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर जिले में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टीएमजेड करीब 350 एकड़ जमीन पर बनेगा।

भारत - पोप राजकीय शोक

भारत सरकार ने आज पोप फ्रांसिस के निधन के सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। आज और कल दो दिवसीय राजकीय शोक मनाया जाएगा जबकि अंतिम संस्कार के दिन एक दिवसीय राजकीय शोक मनाया जाएगा। राजकीय शोक के दौरान पूरे भारत में इमारतों पर

राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मानवता और सेवा से परिपूर्ण पोप फ्रांसिस के जीवन से मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है।

जल गंगा संवर्धन

जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कल खंडवा विकासखंड के ग्राम कावेश्वर में नर्मदा की सहायक नदी कावेरी के उद्गम स्थल में श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि संगम चाहे नदियों का होए  चाहे वृक्षों का होए  वो जीवन देता है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर प्रकृति की रक्षा करें। वन को बचाना है तो वनवासियों की तरह सोचना होगा। मंत्री श्री पटेल ने कावेश्वर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की।

पोषण अभियान

बालाघाट जिले में पोषण पखवाड़े की कैलेण्डर वार गतिविधियां निरंतर जारी हैं। कल आंगनवाड़ी केंद्र कोसमी एसमनापुर एवं लिंगा में अति गंभीर कुपोषण व माध्यम गंभीर कुपोषण बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। बच्चों को जांच उपरांत आवश्यकतानुसार आयरन सिरपए  मल्टीविटामिन सिरपए  तथा एमॉक्सिलिन का वितरण किया गया एवं बच्चों के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई। साथ ही माताओं के साथ  पोषण संवाद किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती दीपिका चौहान के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं आशा कार्यकर्ताए एवं अन्य हितग्राही उपस्थित रहे।

इंदौर जिला गौरव

इंदौर प्रदेश का ऐसा पहला ज़िला बन गया है जिसकी सभी पंचायतों में सूक्ष्मए  लघु और मध्यम स्तर के उद्योग स्थापित हो गए हैं। इंदौर जिले में यह महत्वाकांक्षी अभियान अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया गया था। ज़िले की 160 ऐसी पंचायतेंए  जहाँ पूर्व में कोई उद्योग नहीं थाए  उनमें 336 नए सूक्ष्मए  लघु और मध्यम उद्योग स्थापित कराए गए। इन उद्योगों में कुल 90 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। जिले में कुल 334 पंचायतें हैं। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से वितरित कराए गए हैं।

सहायता राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के रायसेनए  टीकमगढ़ और चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में हुई दुर्घटनाओं में प्रदेश के नागरिकों के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सभी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए एवं गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। चित्तौड़गढ़ के निंबाहेड़ा क्षेत्र में हुई दुर्घटना में रविवार को उज्जैन के चार लोगों मौत हो गई थी। टीकमगढ़ जिले में रविवार को एक एसयूवी और दो मोटरसाइकिल की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। तीसरी दुर्घटना रायसेन जिले में भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह हुईए  जिसमें 6 लोगों की जान चली गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विकलांग पुनर्वास केन्द्र रंगपुरा झाबुआ द्वारा आज युवा संगम" रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य शिक्षित दिव्यांगजनों को रोजगारए  स्व-रोजगार से जोड़ना हैं।
- शिवपुरी जिले में कल शासकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत कल आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध माँ बगुलामुखी मंदिर परिसर में लखुंदर नदी पर साफ-सफाई की गई।
- मंडला जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 100 दिवस से अधिक समय से लम्बित सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।
- निवाड़ी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कल पंचायत वृषभानपुराए  मुड़ेनीए  कछियाखेराए  अस्तारीए  सिंदूर सागर एवं कुम्हार्रा में जन चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं को सुना एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

- धार जिले में साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन आज धार के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।
- शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालयए रीवा में कल भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से एक आठ दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।
- इंदौर के होलकर विज्ञान महाविद्यालय सहित छह शासकी परिसरों में विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में यह निर्णय लिये गए।
- आईपीएल क्रिकेट में कल रात कोलकाता में गुजरात टाइटन्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 39 रनों से हराकर अपनी छठी जीत दर्ज की। आज शाम लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से लखनऊ में होगा।

-------

————————